पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार, गोरखपुर में बैठक सम्पन्न

29 अगस्त, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार, गोरखपुर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी ने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना में शत प्रतिशत कार्ड बनाने के लिये कैम्प लगाए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के बाहर रहने वाले उत्तर प्रदेश के व्यक्तियों के कार्ड के लिये उस प्रदेश में कैम्प लगाने के लिये कार्य योजना बनायी जाये। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि संस्थागत प्रसव में प्राईवेट चिकित्सालयों से रिर्पोट भी अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाये और रिर्पोट में उसको भी शामिल किया जाये। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों के खाते में जाने वाले डीबीटी का पैसा उनके स्वास्थ्य के लिये खर्चहो न की उनके परिवार के अन्य कार्यों में इसके लिये जांच भी करते रहना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना की समीक्षा करते हुए किसानों को स्पींगर/डिप सिंचाई के लिये प्रेरित किये जाने का भी निर्देश दिया।

राज्यपाल जी ने प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, मोबाइल मेडिकल यूनिट, राष्ट्रीय टीकाकरण, पोषण अभियान,

समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, सहित केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनााओं की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने जनपद की प्रगति के बारे राज्यपाल जी को जानकारी दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

——

संपर्क सूत्र :
डॉ0 संगीता चौधरी, राजभवन
मो0 : 9161668080